



# मजबूत नहीं होंगे तो भाजपा का षडयंत्र नहीं रोक पाएगे : पटवारी

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ली संभागीय बैठक, संगठन को मजबूत करने दिया जोर, पदाधिकारियों से की चर्चा






**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 फरवरी, रीवा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संभाग स्तरीय कांग्रेसजनो की बैठक ली. जहा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया तो वही बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त रूप से खड़ा करने का सुझाव भी दिया. इसके अलावा उन्होने आपसी मतभेदों को भुलाकर पार्टी और संगठन के लिये पूरे मनोयोग के साथ कार्य करने का आवाहन किया. कई घंटो तक चली बैठक में एकता, अनुशासन का पाठ प्रदेश अध्यक्ष ने पढ़ाया.**

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि जब तक हमारा संगठन मजबूत नही होगा तब तक हम भारतीय जनता पार्टी के षडयंत्र को रोक नही पावेगें. संत शिरोमणि भक्त रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर संभाग स्तरीय कांग्रेस जनों की बैठक मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के मुख्य आतिथ्य तथा प्रदेश के सह-प्रभारी रणविजय सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, विधायक अमरपाटन एव पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह, प्रदेश सचिव निलांशु चतुर्वेदी व सुखदेव पांसे के विशिष्ट आतिथ्य में सेलीब्रेशन होटल रीवा मे प्रारंभ हुई. सर्वप्रथम रविदास जी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर जीतू पटवारी सहित सभी विशिष्ट नेताओं एवं कांग्रेस जनों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी ने रविदास को महान संत निरूपित किया और कहा कि वह जात-पांत के घोर विरोधी थे और लोगो को जाति-पांती के भेदभाव को दूर कर आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया. समाज मे व्याप्त कुरीतियों और अज्ञानता के लिए आम जन मानस को धार्मिक अंध विश्वास और आडम्बर से दूर रहने का संदेश दिया तथा कहा मन पवित्र है तो सब पवित्र है और इसी लिए ''मन चंगा तो कठौती मे गंगा'' इनकी प्रसिद्ध उक्ति हैं जो मन की पवित्रता की ओर प्रकाश डालती हैं. रविदास जी को श्रद्धांजलि देने के पश्चात संभाग स्तरीय कांग्रेस जनो की बैठक प्रारंभ हुई.

संभाग से आए सतना, मैहर, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा के विधायको, पूर्व विधायकों, जिलाध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों, विधानसभा एवं ब्लॉक प्रभारियो तथा समन्वय समिति के पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ कांग्रेस जनों की जिलेवार बैठक प्रारंभ हुई.

### कमेटियों में हर जाति वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व दिया जाय : पटवारी

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि जब तक हमारा संगठन मजबूत नही होगा तब तक हम भारतीय जनता पार्टी के षडयंत्र को रोक नही पावेगें. इसलिए हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व ने इस बात पर बल दिया है कि संगठन पंचायत, मोहल्लें, वार्ड, बूथ स्तर पर मजबूत किया जायें. इसके लिए इन सबमे कमेटी बनाकर लोगो को कांग्रेस पार्टी से जोडने का काम किया जायें. इन कमेटियों मे हर जाति, वर्ग, सम्प्रदाय के लोगो को प्रतिनिधित्व दिया जाये युवकों तथा महिलाओं का भी इसमें विशेष रूप से समावेश होना चाहिए. उन्होने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से अपील की कि जमीनी स्तर पर कांग्रेस संगठन को खड़ा किया जाये तथा इसमे ऐसे लोगो को शामिल किया जाये जोकांग्रेस के रीति नीति और कार्यो के लिए प्रतिबद्ध हो. प्रदेश अध्यक्ष को अपने यहां के कांग्रेस संगठन की स्थिति से अवगत कराते हुए संगठन को हर स्तर पर करने का आश्वासन दिया. हवाई पट्टी पर प्रदेश अध्यक्ष एवं उनके साथ आए सभी कांग्रेस पदाधिकारियों का जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू महापौर अजय मिश्रा बाबा सहित सैकड़ो की तादाद मे उपस्थित कांग्रेस जनों ने गुलदस्ता भेंट कर एवं माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया.



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखा बजट का सीधा प्रसारण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 फरवरी, भारत का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया गया. इस बजट लाइव प्रसारण भाजपा कार्यालय अटल कुंज में बड़ी स्क्रीन की एलइडी टीवी लगाकर देखा गया जिसमें प्रसारण को देखने व सुनने के लिए कार्यालय में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे.**

केंद्रीय बजट का प्रसारण प्रात: 11:00 से हुआ, जिसमें जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओ की उपस्थिति में भारत का केंद्रीय बजट का प्रसारण लाइव देखा व सुना गया. इस कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री उमा शंकर पटेल, सह संयोजक श्रीमती मनीषा पाठक, बिजेन्द्र गोतम, रहे. यह बजट जिले के सभी 26 मंडलों में भी मंडल अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने मंडल में केंद्रीय बजट प्रसारण सुना. इस बजट कार्यक्रम जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं अधिक से अधिक संख्या में कार्यालय पहुंचकर केंद्रीय बजट को सुना. जिनमें जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, अशोक सिंह गहरवार, शरद साहू, श्रीमती संध्या कोल, जिला महामंत्री विवेक गौतम, जीवनलाल साकेत, सुमन शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती उर्मिला द्विवेदी, कल्पना श्रीवास्तव, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, पूर्व विधायक पन्नाबाई प्रजापति वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह मौजूद रहे.

## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर 3 को गुढ़ में

गुढ़, 1 फरवरी, इंजी. (स्मृति शेष) संजय गुप्ता की याद में गठित संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान, गुढ़ द्वारा प्रत्येक माह की 3 तारीख को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाता है. 26वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल मंगलवार, 3 फरवरी को स्वामी विवेकानंद क्लीनिक, गुढ़ में आयोजित किया जा रहा है. शिविर में सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांचें, दंत एवं मुख रोग जागरूकता कार्यक्रम तथा उपलब्ध दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा.

# केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण भाजपा मंडल गुढ़ में दिखाया गया

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 1 फरवरी, भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ द्वारा मुख्य बाजार स्थित अरुण मेडिकल स्टोर में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण दिखाया गया.**



कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में किया गया.कार्यक्रम में मुख्य बाजार के सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे. साथ ही भाजपा मंडल के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे. उपस्थितजनों ने बजट को देश के विकास और आमजन के हित में बताया. भाजपा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट संवैधानिक मूल्यों और आर्थिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया गया है. बजट में न्याय व्यवस्था, डिजिटल सुधार तथा प्रशासनिक पारदर्शिता से जुड़े प्रावधान सराहनीय हैं, जो देश को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे.



त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी कार्यकर्ताओं के साथ बजट का प्रसारण देते हुए

# संत रविदास जी की जयंती निपानिया में मनाई गई

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 फरवरी, आज वार्ड 1 निपानिया पोल फैक्ट्री के पास भाजपा जिला महामंत्री जीवनलाल साकेत के निवास पर संत शिरोमणि संत रविदास महाराज की जयंती मनाई गई.**



इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता जीवनलाल साकेत,उपेंद्र चन्द्र दुबे, गोपालदास माझी उपस्थित रहे जिन्होंने संत रविदास जी के जयंती अवसर पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास जी भारतीय भक्ति आंदोलन के महान संत, कवि और समाज सुधारक थे.

उन्होंने जाति-पाति, ऊँच-नीच और भेदभाव का विरोध किया तथा समानता और मानवता का संदेश दिया. इस अवसर पर रामवती साकेत, विनय साकेत, रजनीश बारी, रैदास साकेत, राजकुमार साकेत, राजेश साकेत, मीना साकेत रजनी साकेत बाबूलाल साकेत मौजूद रहे.

# विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ देखा केंद्रीय बजट

**नवभारत न्यूज**

**त्योंथर, 1 फरवरी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा आज लोकसभा में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया.**

त्योंथर विधानसभा मुख्यालय पर भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, पार्टी पदाधिकारियों, देवतुल्य कार्यकर्ताओं और विचार परिवार के साथियों के साथ बजट का सीधा प्रसारण देखा. प्रसारण के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि 'कर्तव्य भवन' में तैयार किया गया यह बजट मात्र एक वित्तीय विवरण नहीं, बल्कि 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध करने वाला एक ठोस दस्तावेज है.

उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया. चर्चा के दौरान विधायक ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह बजट निम्नलिखित स्तंभों पर केंद्रित है.

युवाओं के लिए नए अवसर और कौशल विकास को प्राथमिकता. नारी शक्ति के उत्थान और आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के विशेष प्रावधान. किसान व गरीब कल्याण: अन्नदाताओं की आय बढ़ाने और गरीबों के जीवन स्तर में सुधार लाने वाली योजनाएं. आधारभूत संरचना: इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार से देश की प्रगति को नई गति प्रदान करना. सिद्धार्थ तिवारी ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह बजट देश को उन्नति और लोककल्याण के एक नए युग की ओर ले जाएगा. उन्होंने कहा कि त्योंथर की जनता और पूरे प्रदेश के विकास में इस बजट के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे.

## इंदौर जैसी घटना चाकघाट में भी हो सकती है

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट 01 फरवरी। नगरीय प्रशासन अर्थात नगर परिषद द्वारा प्रदक पेयजल सुविधा के लिए नए चौराहे ( मंत्री चौराहा में ) पेयजल सप्लाई की लाइन को बदलने के लिए निर्मित किए गए।**



चेंबर में लीकेज होने के कारण जब पंप हाउस से मोटर चलाया जाता है, तब चैंबर पूरी तरह से भर जाता है । मोटर बंद होने पर वही गंदा पानी सप्लाई वाले पाइप में धीरे-धीरे चला जाता है, जिसे पूरा नगर आर0ओ0 वॉटर के नाम पर आंख मूंदकर पीते और अन्य घरेलू कार्य में उपयोग करता है । इस प्रकार की गड़बड़ी से ऐसा प्रतीत होता है कि इंदौर की घटना चाकघाट में भी हो सकती है, संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग है कि चेंबर की पूरी तरह अच्छे ढंग से सफाई करवाकर लीकेज को ठीक कराया जाए और उसे पूरी तरह से ढक दिया जाए तो ज्यादा बेहतर होगा पूरा कचरा उसे चेंबर में न जा सके, और भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे स्वच्छता एवं पेयजल के कार्यों में पूर्ण रूप से पारदर्शिता व स्वच्छता स्पष्ट रूप से सभी को दिखे जिससे संक्रमण न फैले और नगर की जनता जनार्दन स्वच्छ स्वास्थ्यवर्धक जल को ग्रहण कर संभावित रोगों से मुक्त रह सके ।

# भाजपा कार्यालय में मनाई गई संत रविदास जी की 649 वीं जयंती

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 फरवरी, समाज सुधारक संत गुरू रविदास ( रैदास ) जी की 649वीं जन्म जयंती भाजपा कार्यालय अटल कुंज, ढेकहा रीवा में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में मनायी गई.**

कार्यक्रम की शुरूआत संत रविदास जी के चित्र में दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पांजली अर्पित कर शुरूअता हुई. जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि संत रविदास के बताये हुए मार्ग पर ही चलकर समाज को आगे बढा सकते है. उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में फैली कुरीतियों एवं भेदभाव को समाप्त करने के लिए काम करते रहे. आज उनकी जयंती के अवसर पर हम उन्हे नमन करते है. पार्टी जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसे उद्गार व्यक्त करने वाले आज संत रविदास जी की जयंती भारत मना रहा हैं हम सब उनके बताये पथ चिन्हों पर चलें और समाज को एकता के सूत्र में बंधे ऐसी मनोकामना के साथ आज उनकी जयंती कार्यकर्ताओं के साथ आज पार्टी कार्यालय में मनाई जा रही है. संत रविदास जी ने अपनी शिक्षा उपदेशों भक्ति एवं दोहो के माध्यम से लोगों को समानता प्रेम और मानवता का संदेश दिया है, वो मानव जीवन को संवेदनशील एवं जनहित में लगाने की प्रेरणा देते रहे है. संत गुरू रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर सभी कार्यकर्ताओं ने नमन किया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक द्वय के पी त्रिपाठी, पन्नाबाई प्रजापति, वरिष्ठ नेता, पूर्व जिलाध्यक्ष द्वय कमलेश्वर सिंह, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, जीवनलाल साकेत सहित माया सिंह, पूर्व महापौर ममता गुप्ता, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, रमेश गर्ग, महाबली गौतम, राम सिंह. कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री उमा शंकर पटेल, सह संयोजक श्रीमती मनीषा पाठक, बिजेन्द्र गौतम, यशवर्धन सिंह सहित पार्टी के जिला पदाधिकारी जिनमें जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, अशोक सिंह गहरवार, शरद साहू, श्रीमती संध्या कोल, जिला महामंत्री विवेक गौतम, जिला मंत्री श्रीमती गीता मांझी, सुमन शुक्ला मौजूद रही.




भाजपा कार्यालय में संत रविदास के चित्र पर पुष्प चढ़ाते भाजपा जिला व अन्य

# ग्रामोदय से अभ्योदय अभियान का सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट 01 फरवरी। गणतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जन अभियान परिषद रीवा के निर्देशन में सूरज विकास समिति सेंगरवार चाकघाट द्वारा सूरज पब्लिक स्कूल सेंगरवार चाकघाट में वृहद स्तर पर ग्रामोदय से अभ्योदय अभियान कार्यक्रम किया गया ।**



जन अभियान परिषद रीवा के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक जी जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार जी ब्लॉक समन्वयक अनीता मिश्रा जी के मार्गदर्शन में विद्यालय में कार्यक्रम किया गया सबसे पहले ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ उसके बाद मां सरस्वती जी, भारत माता जी और विवेकानंद जी का दीप प्रज्वलन ,पूजन कर के कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रेरणा दायक कार्यक्रम गीत, नृत्य, नाटक, इत्यादि किए गए , कार्यक्रम में विभिन्न तरह के खेल लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़, रस्सी कूद, रंगोली, कबड्डी, खोखो, इत्यादि खेल में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का भी अंगवस्त्र, साल, डिनर सेट इत्यादि से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में छात्रों को उनके आगे के रोजगार और पढ़ाई पर विस्तृत चर्चा हुई, तथा बच्चों को बैग फाइल , पेन देकर जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामना दी गई मुख्य अतिथि राजेन्द्र गौतम युवा समाजसेवी पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा, कार्यक्रम की अध्यक्षता घनश्याम शुक्ल सचिव अधिवक्ता संघ त्यौंथर, विशिष्ट अतिथि जगत नारायण द्विवेदी युवा समाज सेवी, योगेश तिवारी भूतपूर्व सैनिक और युवा समाजसेवी, देवेंद्र तिवारी समाज सेवी न्यूट्रिशियन, कमलेश्वर सिंह ,राजन शुक्ला, चंद्र किरण मिश्रा , अनिकेत , इशू केसरवानी, हिमांशु शुक्ला युवा समाजसेवी, गुलाब सिंह गौ सेवक,त्रिवेणीधर द्विवेदी शिक्षक समाज सेवी, लवकुश केशरवानी युवा समाजसेवी, कार्यक्रम का कुशल संचालन सूरज विकास समिति सेंगरवार की अध्यक्ष अल्का द्विवेदी सचिव शिवाकांत पाण्डेय और शिक्षक विनय तिवारी द्वारा किया गया कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति चाकघाट तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सतपुरा की अध्यक्ष शिवानी साकेत , देऊपा, राजापुर, बरेठी कला, गोपालपुरवा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खरीदी बेपटरी, 3 .50 लाख क्विंटल धान खुले में

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 फरवरी, नवगठित मऊगंज और रीवा जिले में इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था भ्रष्टाचार और प्रशासनिक नाकामी की भेंट चढ़ती नजर आ रही है.**

जिले के 32 से अधिक उपार्जन केंद्रों पर हालात इतने बदतर हैं कि किसानों की मेहनत की उपज खुले आसमान के नीचे बर्बाद हो रही है, जबकि भुगतान के लिए किसान दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं. प्रशासनिक दावों के विपरीत, मऊगंज जिले के केंद्रों से धान का उठाव समय पर नहीं हो सका है. आंकड़ों के अनुसार, लगभग 3.50 लाख क्विंटल धान वर्तमान में केंद्रों पर ही जमा है. परिवहन के लिए पर्याप्त वाहन न होने और मिलर्स की सुस्ती के कारण धान का उठाव ठप पड़ा है. हालिया वर्षा और नमी के कारण खुले में रखी यह धान भीग रही है, जिससे इसकी गुणवत्ता खराब होने और वजन घटने का खतरा बढ़ गया है. किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित ?2369 प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान मिलना था.

लेकिन उठाव न होने और बिलिंग में देरी के कारण मऊगंज के किसानों का अनुमानित 82.91 करोड़ रुपये का भुगतान अटक गया है. किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं, जबकि शासन की ओर से भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश केवल कागजों तक सीमित दिख रहे हैं. मऊगंज कलेक्टर ने लापरवाही बरतने वाले प्रबंधकों और ट्रांसपोर्टरों पर कठोर कार्रवाई और रिकवरी के निर्देश दिए हैं. विपक्षी दलों और किसान संगठनों ने सरकार से मांग की है कि भीग रही धान की जिम्मेदारी तय की जाए और जिन अधिकारियों की निगरानी में यह धांधली हो रही है, उन पर स्नढ्ढक्र दर्ज की जाए. पीड़ित किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही धान का उठाव और लंबित भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे.



## गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह ने जताया सभी का आभार

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 1 फरवरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गुढ़ आगमन पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता के उपरांत, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह ने कार्यक्रमों के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया है.**

विधायक नागेंद्र सिंह ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों- कर्मचारियों, कार्यक्रम व्यवस्थापकों, पत्रकारगणों तथा व्यवस्था से जुड़े समस्त राजस्व विभाग के अधिकारियों- कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया. साथ ही उन्होंने भाजपा संगठन के मंडल गुढ़, गोविंदगढ़, रायपुर कर्चुलियान एवं महसाव से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया. विधायक ने कहा कि सभी के बेहतर समन्वय और सहयोग से कार्यक्रमों का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन संपन्न हो सका.